हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 2 जनवरी 2026


तापमान
अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री


11 एनएसएस का वास्तविक उद्देश्य समाज सेवा.....





11 एनएसएस से आता है अनुशासन-सेवा भावना




## खबर संक्षेप

### नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोपित काबू

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने नौकरी के नाम पर राशि हड़पने के फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना सदर प्रभारी मनीष ने बताया कि गांव झांज कला निवासी मनीष ने 22 जुलाई 2022 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी मुलाकात बुढाबाबा बस्ती निवासी सुनील उर्फ सत्यनारायण से हुई थी।

### मंदिर से हजारों की नकदी-जेवरात चुराए

**कैथल।** गांव दुमाडा के काली माता मंदिर से चोर हजारों रुपए की नकदी व अन्य सामान चुरा कर ले गए। गांव दुमाडा के कुशलपल ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 दिसंबर की रात को दुमाडा के काली माता मंदिर में घुसकर वहां पर रखे माता के मंदिर से चांदी के मुकुट, तीन तोले चांदी पाजेब व 2000 नकदी तथा अन्य सामान चुरा कर ले गए।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात तथा नकदी चोरी

**जींद।** गांव लिजवाना कलां में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लिजवाना कलां निवासी सुखबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर को कार्यवश बाहर गया हुआ था।

### मारपीट के अलग-अलग मामलों में दो घायल, केस

**कैथल।** जिले के गांव सींह में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सींह के संदीप ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 दिसंबर को गांव के ही राम कला, सचिन, अजय ने व्यक्ति के साथ मिलकर उसे पर लाठी और डंडों से मारपीट करते उसे घायल कर दिया।

### बेटी को मायके छोड़ लापता हुई महिला

**जींद।** गांव नगूरां से गर्भवती महिला के सोना, चांदी के जेवरात के साथ संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नगूरां निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गर्भवती बेटी तीन माह से अपनी बेटी के साथ मायके आई हुई थी।

### कांग्रेस सांसद जयप्रकाश आज उचाना में

**उचाना।** हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश दो जनवरी को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचेंगे। वो महीने के पहले शुक्रवार को उचाना आते है। वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि यहां पर कार्यकर्ताओं से मिलने के साथ-साथ जन समस्याओं को सुनेंगे। उपमंडल कार्यालय के पास कांग्रेस कार्यालय में भी वो जाएंगे।

### नकदी के साथ महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव गांगोली से जेवरात तथा नगदी के साथ महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गांगोली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 26 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने-पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### नौकरी दिलाने के नाम पर दुष्कर्म का आरोप

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी की 32 वर्षीय तलाकशुदा महिला ने एक व्यक्ति पर कौशल रोजगार निगम के तहत नौकरी दिलाने के नाम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस मामले में महिला की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## ओंस की बूंदों ने धरती को किया गीला, बूंदाबांदी का अहसास, अलसुबह छाया कोहरा, दृश्यता रही कम

# ठंड का प्रकोप जारी, अधिकतम तापमान लुढ़का

**ठंड से बचाव के लिए सावधानियां बरतने की सलाह**

## ठिठुरन के चलते बाजार और सड़कों पर सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। नव वर्ष का आगाज भी ओस की बूंदों के साथ हुआ और कहीं-कहीं हलकी बूंदाबांदी भी हुई। वीरवार को चली सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी। ठंड से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री व न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। ए जिससे सुबह व शाम कंपकंपी छूटती रही। हालात ऐसे रहे कि लोग दिनभर गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा व मौसम में आद्रता 94 प्रतिशत बनी रही। पूरा दिन धूप नही निकली, जिससे तापमान में बढ़ोत्तरी नही हो पाई। ठिठुरन भरे मौसम के चलते बाजारों और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम चहल-पहल देखने को मिली। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के तहत नए साल की शुरूआत में बारिश के आसार बनेंगे। यदि बारिश हुई तो ठंड और अधिक बढ़ सकती है और फसलों के लिए लाभकारी होगी। ऐसे में विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और ठंड से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। अलसुबह छाया कोहरा, दृश्यता रही कमः अलसुबह कोहरा छाया। इसके कारण दृश्यता काफी कम रही। सुबह करीब 10 मीटर के आगे कुछ साफ नजर नहीं आ रहा था। वाहन चालकों को हेडलाइट्स और फॉग लाइटों का इस्तेमाल करना पड़ा। दिन में शीत लहर चली। सुबह के समय खेतों व पार्कों में घास पर ओंस भी जमी। सुबह सड़क और रेल परिवहन सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। ट्रेनें घंटों लेट होने से यात्री परेशान हैं।



**जींद।** सुबह के समय खेत में फसल संभालने पहुंचा किसान।

### सूर्य देवता के दर्शन नहीं

वीरवार को पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। जिसने ठंड को और ज्यादा बढा दिया। पटियाला चौक निवासी सुभाष, विक्की, विनोद ने बताया कि मकर संक्राति के बाद सर्दी का समाप्त होना माना जाता है। परंतु पिछले कई दिनों शीत लहर ने सर्दी के सारे रिकार्ड तोड़ कर रख दिए हैं। वहीं बाजारों में भी रौनक न के बराबर रही। शाम होते-होते बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया। दुकानदार सारा दिन अपनी दुकानों पर ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए लेकिन ठंड के चलते बाजार पूरी तरह से सुनसान दिखाई दिए।

### खरपतवार नियंत्रण पर जोर दें

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि ओस की बूंदों से भी फसलों को फायदा मिल रहा है। यदि बारिश हो जाती है तो यह फसलों के लिए सोने पर सुहागा साबित होगी। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि यदि मौसम खुलता है तो वे खरपतवार नियंत्रण पर जोर दें तथा खाद डालें। किसान शाम को फसलों की सिंचाई करें।



### वाहन चालक परेशान

धुंध और कोहरे से दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को खासा सतर्कता बरतनी पड़ रही है। सुबह व शाम को वाहन चालक हेडलाइट और फॉग लाइट का सहारा लेकर रेंगते हुए नजर आते हैं। जिला प्रशासन ने चालकों से फॉग लाइट ऑन कर वाहन धीरे चलाने की अपील की है।

## बरसात से किसानों के चेहरे खिले

### शीतलहर से बचने के लिए लोगों ने लिया अलाव का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नववर्ष 2026 का आगाज कैथल में इस बार धनी धुंध और बरसात के साथ हुआ। चार बजे के करीब अलसुबह आसमान में बादल छा गए तथा देखते ही देखते बरसात शुरू गई। बरसात करीब एक घंटे तक चली। बरसात ने मौसम में पूरी तरह से ठंडक घोल दी है। बरसात से जहां आम आदमी की परेशानियां बढती नजर आई तो वहीं इससे किसानों के चेहरे खिले दिखाई दिए। शीत लहर से बचने को लेकर लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। बरसात के चलते छाई धुंध से वाहन चालक परेशान रहे। दिनभर धुंध छाने के कारण वाहन चालक लाइट जलाकर चलते दिखे। सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बच्चे भी स्कूलों की छुट्टियां होने के कारण ठंड में घरों से बाहर नहीं निकले। बारिश व ठंड से बाजार सुनसान रहे। अधिकतम 15 डिग्री व न्यूनतम सात डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। वहीं आने वाले दिनों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले एक सप्ताह तक ठंड अपना असर दिखाएगी। सुबह व शाम के साथ अब दिनभर ठंड का अहसास होगा। मौसम विभाग ने लोगों से आह्वान किया है कि काम से ही बाहर निकलें। जिला प्रशासन की तरफ से भी ठंड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

### गेहूं के सीजन की पहली बारिश

इस गेहूं के सीजन की पहली बारिश रही। बारिश न होने के कारण गेहूं की फसल कम फुटाव कर रही थी, किसान परेशान हो गए थे। अब बारिश गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित होगी। अब गेहूं का फुटाव अच्छा होने के कारण बंपर उत्पादन होगा। बता दें कि हर वर्ष बारिश दिसंबर के महीने में हो जाती थी, गेहूं की फसल में पीलापन नहीं होता था। लागत के अनुसार अच्छी पैदावार निकलती थी। किसान एक महीने से रोजाना बारिश का इंतजार कर रहे थे, खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में नहरों के पानी व ट्यूबवेल से सिंचाई करना शुरू कर दिया था, ताकि गेहूं की फसल के फुटाव में ज्यादा नुकसान न हो। सब्जियों की फसलों को बारिश से फायदा मिलेगा। सब्जियां अपना अच्छा फुटाव करेगी। किसानों ने इस समय शिमला मिर्च, हरी मिर्च, बंद गोभी, फूल गोभी व मटर लगाई हुई है। बारिश न होने से सब्जियों की कम पैदावार निकल रही थी।



### अभी राहत नहीं

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक रमेश चंद्र ने बताया पांच जनवरी तक धुंध छाई रहेगी। ठंड आने वाले दिनों में बढ़ेगी। किसान मौसम के अनुसार ही अपनी फसलों का ध्यान रखें। सब्जी किसानों को विशेषकर मौसम का ध्यान रखकर खेतों की सिंचाई करनी है।

## ठंड से बचाव के लिए जिलावासी बरतें विशेष सावधानी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने बढ़ती ठंड के चलते शीत-घात से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने सरकार के निर्देशानुसार विशेष एडवाइजरी जारी की है। डीसी ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील भी की है। इन दिनों जिले में शीतलहर चल रही है। इसी के मद्देनजर हम सावधानी बरतकर शीत घात से बच सकते हैं। ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें। उन्होंने कहा कि शीत-घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्रों से मौसम संबंधित जानकारी लेते रहे। फ्लू, नॉक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचे। गर्म कपड़े पहनें।

### बच्चों का ध्यान रखें

उन्होंने बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। जरूरत के अनुसार ही रूम हीटर का प्रयोग करें, लेकिन रूम हीटर के प्रयोग के दौरान पर्याप्त हवा निकासी का प्रबंध रखें। बंद कमरों में कोयले को जलाना खतरनाक हो सकता है। क्योंकि यह कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैस पैदा करती है। डीसी अपराजिता ने कहा कि शीतलहर के दौरान पशुओं और पशुधन को जीवन यापन के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। रात के समय पशुओं के आवास को सभी तरफ से ढक दें ताकि ठंडी हवाओं के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके।

## जींद से सोनीपत जाने वाली ट्रेन के समय में बदलाव

**अब यात्रियों को रेलगाड़ी पकड़ने में होगी आसानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से सोनीपत जाने वाली ट्रेन 74030 का समय बदला है। सुबह चार बजकर 55 मिनट पर जींद से सोनीपत जाने वाली ट्रेन अब सवा छह बजे जींद जंक्शन से रवाना होगी। ऐसे में यात्रियों को ट्रेन पकडऩे में आसानी होगी। पहले सुबह चार बजकर 55 मिनट पर जो ट्रेन जाती थी। उसमें यात्रियों की संख्या भी कम होती थी। अब ट्रेन का समय बदलने से पहले से ज्यादा संख्या में यात्री सुबह सोनीपत जाने वाली ट्रेन पकड़ सकेंगे। जींद से सोनीपत के लिए तीन ट्रेन चलती हैं। इसमें सुबह छह बजकर 15 मिनट, दूसरी ट्रेन सुबह साढ़े दस और तीसरी ट्रेन दोपहर बाद साढ़े 12 बजे चलती है। ट्रेन जींद से पांडू पिंडारा, ललितखेड़ा, भंभेवाए ईसापुर खेड़ीए बुटाना, गोहाना होते हुए सोनीपत ट्रेन पहुंचती है। जींद से सोनीपत जाते हुए ट्रेन को लगभग सवा घंटे का समय लगता है। सुबह सवा छह बजे चलने वाली ट्रेन अब सुबह सात बजकर पांच मिनट की जगह आठ बजे के बाद सोनीपत पहुंचेगी। वहीं सुबह साढ़े दस बजे जींद से चलने वाली ट्रेन 74020 दोपहर बाद 12 बजकर 40 मिनट और ट्रेन नंबर 74040 दोपहर बाद साढ़े 12 बजे से चल कर ढाई बजे सोनीपत पहुचंती है। जींद से सोनीपत के लिए सीधी बस सुविधा भी एक ही है। यात्रियों को बस से जाने के लिए गोहाना से दूसरी बस पकडऩी पड़ती है। ऐसे में सुबह सोनीपत की ओर जाने वाल यात्री ट्रेन को प्राथमिकता देते हैं।

### दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसो.ने उठाई थी मांग

दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेश पांचाल व सचिव सुरेंद्र कुमार ने बताया कि 12 नवंबर को उन्होंने डीआरएम कार्यालय में दो ट्रेनों के समय परिवर्तन की मांग की थी। इसमें से एक मांग को रेल विभाग द्वारा स्वीकृत कर दिया है। ट्रेन नंबर 74030 जींद.सोनीपत जो सुबह चार बजकर 55 मिनट पर चलती है। अब यह ट्रेन सुबह सवा छह बजे चलेगी। इससें जींद से गोहाना सोनीपत जाने वाले लोगों को फायदा होगा। सुबह चार बजकर 55 मिनट पर ट्रेन में बहुत कम लोग जाते थे। ट्रेन के समय परिवर्तन से जाखल, टोहाना, नरवाना व उचाना के यात्रियों को लाभ होगा। अब जाखल दिल्ली पैसेंजर में आकर जींद से गोहाना सोनीपत की ट्रेन पकड़ी जा सकेगी।

### समय में बदलाव

रेलवे रिजर्वेशन विंडो अधिकारी धीरज ने बताया कि जींद से सुबह चार बजकर 55 मिनट पर चलने वाली ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। अब ट्रेन सुबह सवा छह बजे जींद से रवाना होगी। इससे यात्री सुबह सोनीपत के लिए आसानी से ट्रेन पकड़ सकेंगे। रेलवे का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।

---



**जींद।** डा. राजेश बंसल को कार्यभार सौंपते वीसी प्रो. रामपाल।

### डा. राजेश को सीआरएसयू कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कुलसचिव कार्यालय के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए डा. राजेश बंसल परीक्षा नियंत्रक को विवि कुलसचिव कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। यह नियुक्ति विवि प्रशासन द्वारा उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव, कार्यकुशलता तथा दायित्वों के प्रति उनकी निष्ठा को ध्यान में रखते हुए की गई है। डा. राजेश बंसल की नियुक्ति के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने डा. राजेश को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि डा. राजेश बंसल एक अनुभवी, कर्मठ और अनुशासित प्रशासक हैं। विश्वविद्यालय को उनके अनुभव और कार्यशैली से निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। हमें विश्वास है कि वे कुलसचिव के पद पर रहते हुए विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व प्रभावी बनाएंगे। डा. राजेश बंसल ने कहा कि वो पूरे समर्पण, ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## कंपनी में निवेश का झांसा देकर लगाया 2. 53 करोड़ का चूना

- निवेश के एक सप्ताह में राशि को दिखाया गया कई गुणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कंपनी में निवेश करने पर अच्छे खासे मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति को लगभग दो करोड़ साढ़े 53 लाख का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी श्रवण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने यूटयूब पर इश्तेहार देखा था। जिसमें 21 हजार रुपये निवेश करने पर एक सप्ताह में साढ़े चार लाख रुपये मिलने का झांसा दिया गया। जिस पर उसके पास एक लिंक भेजा गया। बीतचीत के बाद उसने फार्म भर दिया। जिसके बाद उसके पास क्वार्टरों कैपीटल लदन का फाइनैंस की तरफ से कॉल आई। जिसने अपना नाम अनिल शर्मा बताया। आरोपित ने उसके पास स्कैनर भेजा। जिसके बाद उसने कंपनी को ज्वायन कर लिया। कुछ राशि भेजने के बाद उसकी आईडी बना दी गई। जिसके बाद उसकी आईडी 153 डालर दिखाई दिए और उसे विश्वास हो गया। जिसके बाद उसने कंपनी में निवेश करना शुरू कर दिया। जिस पर उसने अलग-अलग खातों से दो करोड़ 53 लाख 61 हजार 882 रुपये आरोपितों के खाते में डाल दिए। आरोपितों ने लगभग एक लाख रुपये उसके खाते में वापस डाल दिए। जब उसने राशि निकलवाने की कोशिश की तो आरोपितों ने टैक्स तथा अन्य नाम पर राशि जमा करवाने लगे।

## गाड़ी मोड़ने के विवाद में चली गोली, बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों रोड पर बीती रात गाड़ी मोड़ने के दौरान हुई कहासुनी के चलते एक युवक ने हवाई फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि किसी को गोली नही लगी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ दहशत फैलाने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राम कालोनी निवासी मनजीत व दो साथी कार में सवार होकर कार्यवश सफीदो रोड पर गए हुए थे। होंडा एजेंसी के निकट जब वे गाड़ी को मोड़ रहे थे तो उसी दौरान उनकी कहासुनी रिया सैल्फ ड्राइविंग के मालिक दिलबाग से कहासुनी हो गई और नौबत गाली गलौच तक आ पहुंची। जिस पर तैश में आए दिलबाग ने मौजूद असलहा से हवाई फायर कर दिया। गोली चलने से हड़कंप मच गया। कार सवार लोग भी बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मनजीत की शिकायत पर दिलबाग के खिलाफ दहशत फैलाने विभिन्न न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत किन्नर समुदाय की सराहनीय पहल

# लड़की के जन्म पर किन्नर समुदाय देगा बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बैठक का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त के सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुमन कोहली, उप चिकित्सा अधिकारी डा. पाले राम, जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पिल्लूखेड़ा, उचाना एवं जींद शहरी तथा स्थानीय किन्नर समुदाय के मुखिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में किन्नर समुदाय द्वारा समाज में लड़कों व लड़कियों के बीच व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए यह विश्वास दिलाया गया कि वे लड़के के जन्म की तरह ही लड़की के जन्म पर भी परिवार को बधाई देंगे। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि लड़की के जन्म पर बधाई देने के एवज में परिवार से किसी प्रकार की वित्तीय सहायता नही ली जाएगी। जिससे परिवार पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।




**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी। *फोटो :हरिभूमि*

### निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे

इस अवसर पर किन्नर समुदाय की प्रधान सीमा महंत ने आश्वासन दिया कि वे विभाग एवं अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे तथा बेटी के जन्मोत्सव पर परिवार को बधाई पत्र भी प्रदान करेंगे। किन्नर समुदाय की यह पहल समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई और प्रेरणादायक शुरुआत है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार नें किन्नर समुदाय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनका धन्यवाद किया।

## सभी निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण अनिवार्य : रोहिला

- बच्चों की सुरक्षा के लिए एनसीपीसीआर दिशा-निर्देशों की पालना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सीमा रोहिला ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में जिले के सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। यह पंजीकरण, नवीनीकरण एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होता है तथा जिले में संचालित प्रत्येक प्राइवेट प्ले स्कूल के लिए यह अनिवार्य है। स्कूल प्रबंधकों से अपील की गई है कि वे अपने प्ले स्कूल का पंजीकरण अथवा नवीनीकरण समय पर अवश्य करवाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों का किसी भी प्राइवेट प्ले स्कूल में दाखिला करवाने से पहले उस स्कूल की मान्यता एवं पंजीकरण की स्थिति की जांच अवश्य करें ताकि बच्चों की सुरक्षाए स्वास्थ्य एवं देखभाल से संबंधित सभी मानकों की पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप

### जैन स्थानक का दो को शुभ मुहूर्त होगा

**उचाना।** गांव मखंड में बंसल परिवार द्वारा बनाई गई जैन स्थानक का दो को शुभ मुहूर्त होगा। इस दिन रक्तदान शिविर भी आयोजित होगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। 86वीं रक्तदान करने माता भ्रामरी शक्तिपीठ पुजारी राजेश कौशिक पहुंचेंगे। विकास ने बताया कि अरूण चंद्र महाराज ठाणे-5 उचाना मंडी स्थित जैन स्थानक से विहार कर मखंड आएंगे।

### मन की शुद्धि के लिए स्वाध्याय जरूरी

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर संस्था के कार्यालय में गायत्री यज्ञ के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार शरीर को शुद्ध रखने के लिए हमें नित्य स्नान करना पड़ता है, पोतना बुहारना, बर्तनों को माजना पड़ता है। इसी प्रकार मन को संसारिक गंदगी से निर्मल रखने के लिए परमात्मा के भजन के साथ-साथ नित्य कुसंग से दूर रह कर सत्संग स्वाध्याय भी जरूरी है।

### एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा की प्रेरणा

**उचाना।** कन्या गुरूकुल गुरूकुल खेड़ा में एनएसएस कैंप के शुभारंभ पर एसडीएम दलजीत सिंह पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है। एनएसएस के माध्यम से सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। देश सेवा के प्रति युवा आगे आते है।

### आज किया जाएगा नगर कीर्तन का आयोजन

जींद। श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व को समर्पित महान गुरमत समागम एवं नगर कीर्तन का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। गरुघर के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन को लेकर वीरवार को गुरुद्वारा मंजी साहिब नौंवी पातशाही में अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया गया है। दो जनवरी शुक्रवार को नगर कीर्तन का आयोजन होगा।

### मारपीट तथा तोड़फोड़ करने पर एक नामजद

**जींद।** सफीदों के हाट रोड पर दुकान में घुस कर मारपीट करने तथा तोड़फोड़ करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिवानामाल निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी हाट रोड पर दुकान है। गत दिवस गोहाना निवासी मुकेश उसकी दुकान में आई और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### बाड़े से तीन भैंस सहित छह पशु चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव निम्राबाद से बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर तीन भैंस तथा तीन कटड़ियों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निम्राबाद निवासी हरिओम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के निकट पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर तीन भैंस तथा तीन कटड़ियों को चोरी कर लिया।

### महिलाओं को दिया जा रहा तीन लाख का ऋण

**कैथल।** हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक शशिबाला ने बताया कि विभाग द्वारा विधवा, तलाकशुदा और कानूनी रूप अलग महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तथा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋ ण दिलाया जा रहा है। जिला कैथल के लिए 40 केसों का लक्ष्य रखा गया है।

### मूक बधिर बच्चों संग मनाया नववर्ष

**कैथल।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आदर्श संस्कृत कालेज के प्रांगण में आज नववर्ष के उपलक्ष्य पर कालेज के प्राचार्य डॉ मनोज ने मूक-बधिर बच्चों एवं युवाओं के साथ मिलकर नववर्ष मनाया। कालेज प्रांगण में विभिन्न गांवों के मूक-बधिर लोगों का संघ यूनाइटेड एसो ऑफ डफ एंड डम कैथल के सदस्यों के साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया।

---

सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल

# कैथल: राइस मिलों पर प्रदूषण विभाग इतना मेहरबान क्यों ?

## भूमि उपयोग परिवर्तन के बिना मुकदमे, फिर भी संचालन की अनुमति जारी

**कार्रवाई के बाद भी इनका कंसेंट अब तक रद्द नहीं किया**

राजपाल जिंदल ▶▶| गुहला-चीका

खुशहाल माजरा और आसपास के गांवों में अवैध रूप से संचालित राइस मिलों का मामला अब प्रदूषण नियंत्रण विभाग की भूमिका पर बड़ा सवालिया निशान बन गया है। एक ओर जिला नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने भूमि उपयोग परिवर्तन की स्वीकृति (सीएलयू) के बिना चल रही राइस मिलों पर कार्रवाई करते हुए आपराधिक मुकदमे दर्ज कराए हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा दी गई संचालन अनुमति आज भी प्रभावी बनी हुई है। इस प्रशासनिक विरोधाभास ने पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला नगर एवं ग्राम आयोजना अधिकारी द्वारा एचडी फूड, सुशीला फूड, गुप्ता फूड, आईएस फूड, विजय सिंगला, सागर गर्ग, अंकित सिंघल, जैस्मिन गोयल सहित कई राइस मिलों पर बिना भूमि उपयोग परिवर्तन के संचालन को लेकर कार्रवाई की गई और उनके खिलाफ मामले दर्ज करवाए गए। इसके बावजूद हैरानी की बात यह है कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने इन सभी राइस मिलों को संचालन की सहमति (कंसेंट टू ऑपरेट) जारी कर रखी है, और नगर आयोजना विभाग की कार्रवाई के बाद भी इनका कंसेंट अब तक रद्द नहीं किया गया है। नगर आयोजना विभाग द्वारा जिन राइस मिलों को अवैध घोषित किया गया है, वही राइस मिलें प्रदूषण विभाग की अनुमति के सहारे खुलेआम संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी उद्योग के पास भूमि उपयोग परिवर्तन नहीं है और उस पर मुकदमा दर्ज है, तो उसका संचालन तत्काल बंद होना चाहिए, लेकिन यहां स्थिति इसके ठीक उलट नजर आ रही है। कानून विशेषज्ञों के अनुसार भूमि उपयोग परिवर्तन किसी भी औद्योगिक इकाई की कानूनी नींव है। इसके बिना उद्योग अवैध माना जाता है और ऐसी स्थिति में संचालन की अनुमति स्वतः समाप्त होनी चाहिए।

**हर स्तर तक लड़ेंगे**

ग्रामीणों का साफ संदेश ह"यह लड़ाई अब केवल राइस मिलों की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की जवाबदेही की है। हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए हर स्तर तक लड़ेंगे।"

**ब्लैकमेल कर दबाव बनाने का आरोप**

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पहले राइस मिल एसोसिएशन से जुड़े लोग उन्हें ब्लैकमेल कर दबाव बना रहे थे, ताकि वे विरोध से पीछे हट जाएं। लेकिन अब वही लोग अपने बयानों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी दबाव में आकर वे पीछे नहीं हटेंगे।

**हाईकोर्ट तक जाएंगे**

गांव की सरपंच सरबजीत कौर, पूर्व सरपंच चांदी राम, गुरजंट सिंह, लाडी, जसवीर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि अवैध राइस मिलों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे पहले जिला ग्रीवेंस कमेटी में यह मामला उठाएंगे और उसके बाद उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

**ग्रामीणों में गहरा आक्रोश**

इसके बावजूद अवैध घोषित इकाइयों को संचालन की छूट मिलना प्रशासनिक विफलता या मिलीभगत की आशंका को जन्म दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जहां नगर आयोजना विभाग ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राइस मिलों पर मुकदमे दर्ज कराए, वहीं प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने न तो संचालन अनुमति रद्द की, न ही इकाइयों को सील किया और न ही कोई दंडात्मक कार्रवाई की। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या राइस मिलों के लिए कानून अलग है और आम ग्रामीणों के लिए अलग? इस बीच क्षेत्र में फैलते प्रदूषण ने हालात और भयावह बना दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जहां नगर आयोजना विभाग ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए राइस मिलों पर मुकदमे दर्ज कराए, वहीं प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने न तो संचालन अनुमति रद्द की, न ही इकाइयों को सील किया और न ही कोई दंडात्मक कार्रवाई की।ग्रामीणों के अनुसार राइस मिलों से दूषित पानी जमीन में छोड़ा जा रहा है, हवा में राख और धूल उड़ रही है, और कैंसर, टीबी, पीलिया, पेट व त्वचा संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इसके बावजूद प्रदूषण विभाग का यह कहना कि "कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है", ग्रामीणों में आक्रोश का कारण बन चुका है।

### जेटिंग मशीन से सुधारी जाएगी सीवरेज व्यवस्था

**जींद।** सफीदों शहर की सीवरेज व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विधायक रामकुमार गौतम ने गुरूवार को जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा खरीदी अत्याधुनिक सीवरेज जेटिंग मशीन को हरी झंडी दिखा कर शहर में कार्य के लिए रवाना किया। विधायक रामकुमार गौतम ने बताया कि सफीदों शहर में लगभग 55 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन बिछी हुई है। जिसकी नियमित सफाई और रखरखाव के लिए यह मशीन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। यह मशीन लगभग 20 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है। जिससे सीवरेज लाइनों में होने वाले जाम, गंदगी और ओवरफ्लो की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। कहा कि सीवरेज जेटिंग मशीन के माध्यम से उच्च दबाव के पानी से पाइप लाइनों की सफाई की जाएगी। जिससे सीवरेज व्यवस्था लंबे समय तक सुचारू रूप से चलती रहेगी और शहरवासियों को गंदगी व जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

### एनएसएस राष्ट्रभक्ति का सर्वोत्तम माध्यम बताया

**कैथल।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदाना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन गुरुकुल कुरुक्षेत्र से आए आचार्य अनिल आर्य द्वारा सूक्ष्म प्राणायाम एवं योगाभ्यास करवाया किया गया। हर मौसम में अपने आप को हम बिना दवाइयों के कैसे स्वस्थ रख सकते हैं उसके बारे में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में स्वास्थ्य विभाग से आये डॉ॰ वीरेंद्र पुनिया ने स्वयंसेवकों और एनएसएस को देश सेवा और राष्ट्रभक्ति का सर्वोत्तम माध्यम बताया। उन्होंने एनएसएस द्वारा किए गए कार्यों की बहुत सराहना की। उन्होंने अपने व्याख्यान में एकल प्रयुक्त प्लास्टिक का उपयोग न करने की भी स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक से हमारे पर्यावरण में विषाक्त तत्वों का विस्तार होता है।



लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य अशोक कुमार व अन्य शिक्षक।

### लाइफ स्किल डेवलपमेंट शिविर का शुभारंभ

**गुहला चीका।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका संतोष कुमारी, कैंप कोऑर्डिनेटर राजेंद्र कौर सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। कैंप की शुरुआत योग और मंत्र उच्चारण के साथ की गई। डीपीई दिनेश कुमार ने छात्राओं को योगाभ्यास करवाया और नियमित योग के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके बाद रोल मॉडल के रूप में डॉक्टर निधि बंसल ने शिरकत की और छात्राओं को पढ़ाई के महत्व तथा करियर निर्माण में उसके योगदान पर प्रेरक विचार साझा किए। स्वास्थ्य विभाग से रिसोर्स पर्सन डॉक्टर अमृत पाल कौर ने छात्राओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य और किशोरावस्था से जुड़े अहम विषयों पर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद लिया। इसके उपरांत कृषि विभाग से रिसोर्स पर्सन डॉक्टर सचिन ने ऑर्गेनिक फार्मिंग की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती के लाभों पर प्रकाश डाला। इस दौरान परमजीत कौर और सुखविंदर कौर भी उपस्थित रहीं। कैंप का उद्देश्य छात्राओं में जीवन कौशल विकसित करना और उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा व करियर के प्रति जागरूक करना रहा।



**कैथल।** हवन में आहुति डालते एमडीएन ग्लोबल स्कूल के पदाधिकारी

### नववर्ष पर एमडीएन स्कूल में हवन

**कैथल।** नववर्ष के प्रथम दिन एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल परिसर में प्रस्तावित विस्तार भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं हवन समारोह का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन एवं भूमि पूजन से हुआ। इस पावन अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, अध्यक्ष निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग तथा प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने विधिवत रूप से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि प्रस्तावित विस्तार भवन के अंतर्गत विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस विस्तार योजना में एयर कंडीशन्ड बहुउद्देश्यीय सभागार, केन्द्रीय एयर कंडीशन्ड 24 घंटे खुला पुस्तकालय, प्ले स्कूल हेतु पृथक परिसर, प्राथमिक, माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं के लिए अलग-अलग शैक्षणिक ब्लॉक शामिल होंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि एमडीएन ग्लोबल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता, गुणवत्ता एवं संस्कारों के साथ निरंतर प्रगति करता रहेगा और विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए पूर्ण रूप से तैयार करेगा।

# एनएसएस का वास्तविक उद्देश्य समाज सेवा की भावना जागृत करना : विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की एनएसएस यूनिट द्वारा शिक्षा विभाग से जिला एनएसएस समन्वयक अधिकारी हंस वीर रेढू के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के प्रथम दिन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रश्मि विद्यार्थी ने भाग लिया गया एवं दीप प्रज्वलन के साथ शिविर के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गई। विद्यालय की एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुंडू द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर प्राचार्य का स्वागत किया गया तथा नव वर्ष के आगमन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई एवं आयोजित किए जा रहे इस सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसका मुख्य थीम आत्मनिर्भर भारत निश्चित किया गया है। अपने संबोधन में विद्यार्थी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते कहा कि एनएसएस का वास्तविक उद्देश्यए समाज सेवा की भावना जागृत करना है।




**जींद।** स्वयंसेवकों के साथ मौजूद प्राचार्या। *फोटो :हरिभूमि*

### यातायात नियमों की पालना सभी के लिए अनिवार्य : एसपी

**कैथल।** नववर्ष के अवसर पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीरवार को सिगमा ग्रुप कैथल द्वारा पेहोवा चौक पर अमूल्य जीवन सुरक्षा के लिए निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैथल की पुलिस अधीक्षक उपासना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अवसर पर डीएसपी सुशील प्रकाश, ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल, ट्रैफिक पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा सिगमा ग्रुप के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एसपी उपासना द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए तथा यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को ट्रैफिक पुलिस द्वारा गुलाब देकर सम्मानित भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करना रहा। एसपी उपासना ने उपस्थित वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की मौत का सबसे बड़ा कारण हेलमेट न पहनना है।




स्वयंसेवकों को संबोधित करते एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रीना शर्मा।

### आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने एनएसएस स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता का अर्थ है स्वयं पर विश्वास और निर्भरता विकसित करना। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय देश के भीतर उत्पादन, कौशल और संसाधनों का विकास करें। कहा कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य देश को आर्थिक, सामाजिक एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देना, रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना तथा आयात पर निर्भरता कम करना शामिल है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में जागरूकता फैला कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रीना शर्मा भी उपस्थित रही। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक एवं निदेशक शरत अत्री ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर सकारात्मक संदेश के साथ हुआ।

## मोतीलाल स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

# एनएसएस से आता है अनुशासन-सेवा भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ के साथ अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन एवं सकारात्मक वातावरण में किया गया। नए वर्ष एवं आगामी शिविर गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए यह हवन यज्ञ विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों तथा समाज में सुख समृद्धि, शांति और सद्भाव बनाए रखने की मंगलकामना के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर एनएसएस से जुड़े सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। एनएसएस के छात्र व छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ हवन कुंड में आहुति डाल कर ईश्वर से प्रार्थना की कि आने वाला समय सभी के लिए मंगलमय हो, देश व समाज में शांति बनी रहे तथा विद्यालय परिवार निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर हो। हवन के दौरान संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य सात दिवसीय एनएसएस शिविर की सफल शुरुआत करना तथा स्वयंसेवकों के मन में सेवाए संस्कारए अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना को और अधिक प्रबल करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हवन के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि भारतीय संस्कृति में हवन केवल धार्मिक कर्मकांड नही बल्कि पर्यावरण शुद्धि, मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम भी है। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार एवं प्रशासक वीपी शर्मा ने इस अवसर पर अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते कहा कि एनएसएस छात्रों में अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है।



**जींद।** हवन में आहुति डालते चेयरमैन-प्राचार्य और अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के एनएसएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने की। यह सात दिवसीय शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के अंत में शांति पाठ किया गया। जिसमें सभी ने पूरे विश्व में शांतिए प्रेम और भाईचारे की कामना की। इस प्रकार मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हवन, यज्ञ के साथ अत्यंत सफल, प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय रहा।

## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

**अलेवा।** राजकीय माडल संस्कृति वमावि नगूरां में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रमेश लोहान ने किया तथा मुख्यातिथि के रूप में अलेवा खंड शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह व कार्यालय से दिनेश कौशिक ने भाग लिया। शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी विजेंद्र ने बच्चों को एनएसएस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी रमेश लोहान ने बच्चों को एनएसएस कैंप की थीम, यूथ फ ा र माय भारत एवं डिजिटल लिटरेसी पर प्रकाश डालते हुए मेरा भारत एवं डिजिटल साक्षरता में युवाओं की भागीदारी किस प्रकार देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ा सकती है। इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं की विशेष भागीदारी का महत्व बताया। साथ ही यह भी बताया कि एनएसएस युवाओं के चरित्र, मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास को बढ़ाता है और भविष्य का एक अच्छा नागरिक बनाने में सहायता करता है।

### एडीसी ने सुनी जनसमस्याएं, तुरंत निपटान के आदेश

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी समस्या को पूरी गंभीरता से लेकर समयबद्ध ढंग से समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समाधान शिविर में पीपीपी, अवैध कब्जा, पेंशन, राशन कार्ड, आर्थिक सहायता सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिन्हें ध्यानपूर्वक सुनते संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नागरिकों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

### नव दुर्गा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ नववर्ष मनाया



**जींद।** नव दुर्गा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में नव वर्ष पर कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रधानाचार्या सोनू शर्मा व चेयरमैन शिव नारायण शर्मा ने खास तौर पर शिरकत की और मां सरस्वतीए मां दुर्गा व गणपति की पूजा की। चेयरमैन शिव नारायण शर्मा व शिक्षकों के द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर व फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के उत्कृष्ट बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें बच्चों के द्वारा नृत्य गायन व नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। इसके साथ-साथ म्यूजिकल चेयर का भी लुत्फ उठाया गया। चेयरमैन शिव नारायण शर्मा व प्रधानाचार्या सोनू शर्मा के द्वारा उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कार दिए गए व नव वर्ष की बधाई दी गई। कहा कि आने वाला साल सभी के लिए मंगलमय हो और इस नव वर्ष मे सभी उन्नति की राह पर अग्रसर हों व उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

### सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ



**उचाना।** स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसूहन में सात दिवस एनएसएस कैंप का शुभारंभ हुआ। आचार्य सुरेश शास्त्री ने संचालन किया। शास्त्री ने कहा कि एनएसएस देशभक्ति की शिक्षा देता है। एनएसएस स्वयं सेवक, सेविकाएं राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते है। प्राचार्य संजय शर्मा ने कहा कि एनएसएस के स्वयं सेवक, सेविकाएं देश के सच्चे सिपाही होते है। इस मौके पर उप प्राचार्य राजेश शास्त्री, प्रोग्राम अधिकारी सुनील खटकड़, कमलजीत, गीता, रिना, सोनिया, रानी मौजूद रही।

### जाट स्कूल में एनएसएस शिविर का आयोजन



**जींद।** जाट स्कूल में शिक्षा एवं युवा कार्य मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों में सामाजिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सेवा की भावना को जागृक करना है। कैंप के दौरान स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान, स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर, साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा पर कार्यशाला, ग्रामीण विकास एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एनएसएस शिविर लगाने का उद्देश्य की एकता की भावना का बलवती करना है। छात्र शिविर में मिलजुल कर कार्य करते हैं। एक छात्र से न होने वाला कार्य जब दो छात्र मिलकर करते हैं तो उनमें एकता की भावना का विकास होता है।

### एसआई अजय कुमार व वजीर को मिली पदोन्नति



**जींद।** हरियाणा पुलिस में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी कि भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले अजय कुमार व वजीर को उप निरीक्षक (सब इंस्पेक्टर) के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति न केवल उनके लंबे सेवाकाल की उपलब्धि है, बल्कि उनके उत्कृष्ट कार्यों की भी सशक्त पहचान है। उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह द्वारा कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएं दी गईं। एसआई अजय बतौर सिपाही 1995 में स्पोट्र्स कोटे से स्वीमर भर्ती हुए थे। उसके बाद 2003 में दोबारा सिपाही भर्ती होते हरियाणा पुलिस के अच्छे स्वीमर में अपना नाम अंकित करवाया। जो पहले भी कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1992 से 1994 तक बतौर स्वीमर गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे हैं। उसके बाद पुलिस विभाग में अलग-अलग पदों पर नौकरी करते करीब 8-10 साल से आर्थिक अपराध शाखा जींद में कार्यरत हैं। जिनके द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित काफी मुकद्मों में सराहनीय कार्य किया है।

### स्वयं सेवकों को दी अग्नीशमन संबंधी जानकारी

**राजौंद।** एनएसएस शिविर के तीसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम में मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह एनएसएस नोडल ऑफिसर कैथल रहे। इस दौरान बजिंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को एन एस एस की मैहता के बारे में विस्तार से बताया। इसी कड़ी में फायर सेफ्टी के संयोजक प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को आग लगने के कारण व उपचार की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की व आग बुझाने का डेमो करके दिखाया। इस दौरान विद्यालय के राजनीति विज्ञान प्रवक्ता डॉ रमेश राणा ने स्वयं सेवकों को सामाजिक बुराइयां त्यागने बारे संकल्प दिलाया। एन एस एस के नोडल अधिकारी चंद्रमणि ने एन एस एस कि प्रत्येक गतिविधि को जानकारी प्रदान की। इस दौरान जसविंदर,अजय, बिट्टू मौजूद रहे।

### पूंडरी वासियों की सुख-समृद्धि के लिए किया हवन

**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा ने वीरवार को पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना को लेकर पूंडरी स्थित अपने कार्यालय में हवन करवाया। इस पावन अवसर पर विधायक जांबा के साथ पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अनेक साथी उपस्थित रहे। हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जनकल्याण, सामाजिक समरसता और क्षेत्र के समग्र विकास की कामना की गई। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि वे कामना करते हैं कि वर्ष हम सभी के लिए मंगलकारी सिद्ध हो। आने वाले समय में विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाएगी। उनकी प्राथमिकता है कि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में अव्वल स्थान पर लेकर जाया जाए। विधायक जांबा ने कहा कि वर्ष 2025 में हमने बहुत कुछ सीखा है, और इन अनुभवों के आधार पर वर्ष 2026 में विकास कार्यों को और तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है।

### सेवा ही मानव जीवन का सर्वोत्तम धर्म: चिमनलाल

**सीवन।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर नगर के समाजसेवी चिमनलाल गर्ग व राहुल गर्ग द्वारा नगर के मुख्य बाजार में लंगर का आयोजन कर समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। लंगर में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया और सेवा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवी चिमनलाल गर्ग ने कहा कि सेवा ही मानव जीवन का सर्वोत्तम धर्म है। समाजसेवा से समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द भी मजबूत होता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में सेवा, संस्कार और सहयोग को प्राथमिकता दें। नगरवासियों ने चिमनलाल गर्ग व राहुल गर्ग द्वारा किए गए इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और दूसरों को भी सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। लंगर के आयोजन के दौरान सेवा कार्य में अरुण शर्मा, सोहन सैनी, मनी, गीतांश सिंगला, अनिल गर्ग आदि मौजूद थे।

### कुरूतियों को त्यागने का दिया संदेश

**जुलाना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के राजयोग भवन जुलाना में नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे व कुरूतियों को त्यागने का संदेश दिया गया। बीके बहन सीमा ने बताया कि कार्यक्रम में परमात्मा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। नया साल हमारे अंदर एक नया उत्साह जागृत करता है। हमें प्रेरणा मिलती है कि पुरानी बातें मन से निकाल कर ईर्ष्या, द्वेष, नफरत की मलिन भावनाओं को निकाल कर अपनी हृदय को सद्भावना और शुभकानाएं प्रेम, सुख और शांति से भरपूर करें। जिससे हमारा जीवन भी खुशहाल हो जाए और हमारे आसपास के लोग भी खुशहाल होंगे। संपन्न समाज के निर्माण में हम अपना सहयोग दे सकेंगे। शिव परमात्मा हम सब आत्माओं को नवयुग का रास्ता दिखा रहे हैं जहां सुख शांति सब होगा।

## खबर संक्षेप

### रैबिज से बचने का टीकाकरण ही उपाय

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी दीपक राविश ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान डॉक्टर राममेहर तथा डाक्टर जोरा सिंह ने छात्र-छात्राओं को पशुओं की बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने रेबीज के बारे में बोलते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण ही इस बीमारी का एकमात्र उपचार है।

### बबिता ने किया रविदास भवन का शिलान्यास

**राजौंद।** नगर के जींद रोड पर स्थित संत रविदास भवन का नववर्ष पर शिलान्यास नगर पालिका चेयरमैन बबिता रानी व वार्ड नंबर 7 की पार्षद कर्मवति द्वारा किया गया। इस दौरान नपा चेयरपर्सन बबिता रानी ने बताया कि संत रविदास भवन निर्माण पर 35 लाख 56 हजार रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि नगर के विकास को लेकर कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

### शिविर में स्वयंसेवकों को करवाया योगाभ्यास

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान में चल रहे एनएसएस के चौथे दिन कृष्ण कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी ने स्वयंसेवकों को योगाभ्यास करवाया। इस दौरान कुमारी पिंकी प्रधानाचार्य चंदाना ने संस्कार विषय पर बच्चों को जानकारी दी और शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्रा रितु ने देशभक्ति गीत से सब का मन मोह लिया और काफी ने एनएसएस की भूमिका पर सुंदर कविता सुनाई।

### नववर्ष पर वाल्मीकि चौक पर लगाया भंडारा

**कलायत।** कलायत में श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि चौक पर नववर्ष के उपलक्ष्य में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं व बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम संयोजन की कमान वार्ड 12 पार्षद अमित वाल्मीकि, मिस्त्री जय भगवान व सिंदा के कंधों पर रही। आयोजन की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि की पूजा से हुई। समाज में महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया गया।

## नववर्ष 2026 से जींद को खास उम्मीदें : हाइड्रोजन प्लांट बनकर हुआ तैयार, उद्घाटन का इंतजार

# नव वर्ष पर देशभर में जींद के हाइड्रोजन प्लांट से रेलगाड़ियां चलने की उम्मीद


### 2026 में नरवाना शहर का होगा विस्तार, नागरिक अस्पताल होगा 50 से 100 बेड का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नौ हाइवे से घिरे जींद के लोगों को हर वर्ष की तरह वर्ष 2026 में भी विकास की बहुत उम्मीदें हैं। रेलवे जंक्शन के पास देश का पहला हाइड्रोजन उत्पादन प्लांट तैयार हो चुका है। इस प्लांट से ही आने वाले समय में हाइड्रोजन आधारित रेल परिवहन की शुरुआत होगी। जींद-सोनीपत ट्रैक पर जल्द ही हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन की योजना है। इसके लिए आवश्यक ईंधन इसी प्लांट से उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल न केवल पर्यावरण के अनुकूल होगी बल्कि स्वच्छ ऊर्जा क्रांति की दिशा में देश के लिए मील का पत्थर साबित होगी। हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली ट्रेन से प्रदूषण में कमी आएगी और ईंधन आयात पर निर्भरता भी घटेगी।

लगभग 35 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है जंक्शन का नया भवन रेलवे जंक्शन का नया भवन बनकर तैयार हो चुका है। अब यात्रियों को इसके उद्घाटन का इंतजार है। लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से बने यह आधुनिक भवन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए तैयार है। रेलवे के अनुसार वर्ष 2026 में इस भवन का औपचारिक उद्घाटन प्रस्तावित है। नए जंक्शन भवन का डिजाइन आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। यहां वेटिंग हॉल, अत्याधुनिक टिकट काउंटर, डिजिटल सूचना बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रैंप और अलग से बैठने की व्यवस्था भी की गई है।

साफ.-सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए पूरे परिसर में हाईटेक सिस्टम लगाए गए हैं। जंक्शन के नए भवन के तैयार होने से शहर के साथ जुड़े आसपास के जिलों के यात्रियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। नए जंक्शन के शुरू होने से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और शहर की छवि भी निखरेगी। उम्मीद है कि 2026 में इसका उद्घाटन हो जाएगा। रेलवे जंक्शन अधीक्षक जेएस कुंडू केअनुसार रेलवे जंक्शन का भवन का निर्माण पूरा हो गया है। फिलहाल लिफ्ट और एस्केलेटर का काम चल रहा है। यात्रियों को भवन की सुविधा मिलने लगी है। अभी उद्घाटन की तारीख निर्धारित नहीं हुई है।


जींद। जींद रेलवे जंक्शन का मनमोहक दृश्य। फोटो : हरिभूमि


जींद। खेत में खिली फसल, नववर्ष में जिले में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद।



जींद। हाईड्रोजन प्लांट बनकर तैयार। फोटो : हरिभूमि

### नरवाना सिविल अस्पताल में बढ़ेंगी सुविधाएं

नए साल में स्वास्थ्य से संबंधित नरवाना शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। सिविल अस्पताल नरवाना को 50 बेड से बढ़ाकर 100 बेड का कर दिया गया है। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में ही नई बिल्डिंग के निर्माण की दिशा में प्रक्रिया भी तेज हो गई है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने पहले चरण में साइट प्लान तैयार कर सिविल सर्जन जींद कार्यालय को भेजा जा चुका है। गत 17 अगस्त को सिविल अस्पताल को 50 बेड से 100 बेड में अपग्रेड करने की घोषणा की गई थी। 100 बेड का अस्पताल बनने से नरवाना ही नही बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। नए साल में स्वास्थ्य सुविधाओं का यह विस्तार क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### तीन मंजिला रेस्ट हाउस भवन बनेगा

नरवाना स्थित हरियल रेस्ट हाऊस परिसर में बनी पुरानी और जर्जर बिल्डिंग को तोडऩे का कार्य चल रहा है। वर्ष 2026 में इसी स्थान पर अब एक नई आधुनिक और तीन मंजिला एडिशनल रेस्ट हाऊस बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। जिस पर करीब दो करोड़ 54 लाख रुपये की लागत आएगी। पुरानी बिल्डिंग को तोडऩे का कार्य आगामी दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद फाउंडेशन का काम शुरू होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि नए साल की शुरुआत के साथ ही नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य को गति मिल जाएगी। इस एडिशनल रेस्ट हाउस को पूरी तरह तैयार होने में करीब डेढ़ साल का समय लगेगा। नई इमारत को आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। पहली मंजिल पर 60 लोगों की क्षमता वाला अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल बनाया जाएगा। यह हॉल साउंडप्रूफ होगा और इसमें विशेष प्रकार की आरामदायक कुर्सियां लगाई जाएंगी। आगे की पंक्ति में माइक की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिससे वीआईपी, वीवीआईपी या अन्य अधिकारियों की बैठकों में कोई परेशानी नहीं होगी। अभी तक रेस्ट हाउस में कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधा नहीं होने के कारण बैठकें पार्क या खुले स्थान पर आयोजित करनी पड़ती थी। पहली मंजिल पर ही किचन और डाइनिंग रूम का निर्माण भी किया जाएगा। दूसरी मंजिल पर मुख्यमंत्री और वीआईपी के लिए विशेष सूट तैयार किए जाएंगे। जहां केवल सीएम और विशिष्ट अतिथि ही ठहर सकेंगे। तीसरी मंजिल पर चार अधिकारियों के लिए अलग-अलग कमरे बनाए जाएंगे। साथ ही एक अतिरिक्त कक्ष को कार्यालय के रूप में उपयोग किया जाएगा। शहरवासियों का कहना है कि नए साल में इस तरह की आधुनिक सुविधा नरवाना की पहचान को और मजबूत करेगी।

### नरवाना की सीमा 1975 में बढ़ी थी

नरवाना नगर परिषद की सीमा विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठ चुका है। सीमा क्षेत्र बढ़ाने को लेकर ड्रोन और डीजीपीएस तकनीक से कराया गया सर्वे कार्य अब पूरा हो गया है। इसके बाद नगर परिषद अधिकारियों ने अगले चरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस कड़ी में अब फैमिली आईडी डाटा रिकॉर्ड (एफआईडीआर) एकत्रित करने का काम शुरू किया गया है। जिसके लिए सात से आठ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जैसे ही यह डाटा एकत्रित होगा, उसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पहले डीसी कार्यालय और फिर वहां से मुख्यालय भेजी जाएगी। यह अंतिम चरण है और उम्मीद है कि वर्ष 2026 में यह पूरी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद नगर परिषद की सीमा क्षेत्र का बढऩा लगभग तय माना जा रहा है। शहर की सीमा आखिरी बार 27 मई 1975 को बढ़ाई गई थी। तब 9.52 स्क्वेयर किलोमीटर क्षेत्र नगर परिषद में शामिल हुआ था। अब करीब 50-51 साल बाद एक बार फिर बड़ा विस्तार प्रस्तावित है। इस बार सीमा क्षेत्र में 11.36 स्क्वेयर किलोमीटर यानी करीब 2808 एकड़ क्षेत्र जोड़ा जाएगा। इसके बाद नगर परिषद का कुल क्षेत्रफल बढ़कर 20.88 स्क्वेयर किलोमीटर हो जाएगा। सीमा विस्तार से शहर के बाहरी क्षेत्रों में रहने वाले लगभग पांच हजार से अधिक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। नप चेयरपर्सन मुकेश रानी ने बताया कि एफआईडीआर एकत्रित करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। डाटा संग्रह का यह कार्य पूरा होते ही इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। एमसी लिमिट बढऩे से लोगों को कई तरह के लाभ मिलेंगे। सीमा विस्तार के बाद बाहरी क्षेत्रों को नगर परिषद की मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा।

# सार्वजनिक शिक्षा पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे : रामपाल शर्मा

- हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिलास्तरीय कन्वेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला स्तरीय कन्वेंशन जवाहर पार्क में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने किया। उन्होंने बताया कि कन्वेंशन में दो विषयों पर वक्ताओं ने विस्तृत बात रखी। /"अध्यापक आंदोलन का परिपेक्ष्य/" पर राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने व /"संगठन की जनवादी कार्यप्रणाली/" पर यमुनानगर के जिला प्रधान संजय कंबोज ने विस्तार से बात रखी।

उन्होंने बताया कि सरकार शिक्षा निति 2020 की आड़ में शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को लगातार सिकोड़ रही है और जनवादी कार्यप्रणाली से संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जनशिक्षा को बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक शिक्षा को प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सभी विषयों और प्राथमिक स्तर पर सभी कक्षाओं को शिक्षक उपलब्ध करवाए जाए।


कैथल। कर्मचारियों को संबोधित करते नेता। फोटो :हरिभूमि

# छुट्टियों में स्कूल खोले तो होगी सख्त कार्रवाई

- सरकारी और निजी स्कूल में रहेगा 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा में नए साल के पहले दिन से सभी सरकारी और निजी स्कूल 15 दिन के लिए बंद रहेंगे। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। यह अवकाश सभी कक्षाओं के लिए होगा। छात्रों और शिक्षकों के लिए यह अवकाश राहत भरा रहेगा। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। 16 जनवरी से सभी स्कूल नियमित रूप से खुलेंगे। हालांकिण ए शीतकालीन अवकाश के दौरान दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल के लिए पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार स्कूल में बुलाया जा सकेगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने लगातार बढ़ती ठंड के मद्देनजर यह फैसला लिया है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल मुखियाओं को इस संबंध में निर्देश जारी कर किया गया है।



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

### आदेश के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

सभी शिक्षा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ विद्यालयों में आदेश का सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चे प्रीबोर्ड की तैयारी करें

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने कहा कि सर्दी के अंदर एक जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक सभी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान बच्चों की पूर्ण छुट्टियां रहेंगी। अध्यापकों को होमवर्क के लिए बोल दिया गया है। इस दौरान बच्चे प्रीबोर्ड की तैयारी करें। इन छुट्टियों में ड्राप आउट बच्चों को स्कूल लाने का भी प्रयास किया जाएगा। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसका प्रयास किया जाएगा। सर्दियों के दौरान जो मूलभूत सुविधाएं स्कूलों में हैं, उनको पूरा किया जाएगा। स्कूल हैड इन कामों को 15 दिन की छुट्टियों में अवगत करवाएंगे ताकि स्कूल खुलने के बाद बच्चों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। बच्चों को ऑफलाइन होमवर्क के लिए कहा गया है। दसवीं और बारहवीं कक्षा के प्री बोर्ड हैंए उनकी बच्चे तैयारी करें। केवल बोर्ड प्रेक्टिल के लिए बच्चे आ सकते हैं। कक्षाएं पूर्ण रूप से बंद नही रहेगी।

# रोल मॉडल कुमारी अनु ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए किया प्रेरित

- गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेरधा में लाइफ स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेरधा में लाइफ स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रथम दिन रोल मॉडल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। रोल मॉडल कुमारी अनु ने सभी विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अलावा कार्यक्रम में आयुर्वेदिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेरधा के अंतर्गत विद्यार्थियों को योग एवं आयुर्वेद के महत्व बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट कुमारी अन्नू द्वारा आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ,संतुलित एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने पर मार्गदर्शन दिया गया,जबकि योग सहायक सुमन लता व्यायाम शाला कोटडा ने योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की विधियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया।


राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# समाज हित में कुर्बानी देने वालों को हमेशा याद रखें : सांसद ब्रह्मचारी

- अमर बलिदानियों के संदेश को सींचने में दिखाएं संजीदगी
- राष्ट्र और समाज के प्रति युवा अपने कर्तव्यों को न भूलें : रिषिपाल हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सोनीपत-जींद सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि राष्ट्र और समाज के प्रति सेवा भाव से समर्पित होकर अपनी कुर्बानी देने वालो को हमेशा याद रखना चाहिए। उनकी स्मृति में कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। क्योंकि ऐसे कार्यक्रम भावी पीढ़ी के अंदर देश और समाज के प्रति जज्बा भरते है। भावी पीढ़ी को इस बात का अहसास होता है कि उनके बड़ो ने राष्ट्र और समाज के हित में किस तरह अपनी कुर्बानी दे दी। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी गुरूवार को बलिदान समारक गुलकनी राजपुरा भैण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। हिंदी आन्दोलन के क्रांतिकारी अमर बलिदानी चौधरी स्वर्ण सिंहए चौधरी अमर सिंह की स्मृति में आयोजित 67वें बलिदान दिवस में कहे। स्वामी दिव्यानंद सरस्वती के तत्वावधान में आयोजित अमर बलिदानियों की याद में 2 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने शिरकत की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि वजीर गांगोली, पूर्व चेयरमेन पवन दुहन, विजय मोर लुदाना, चंद्रानंद स्वामी, जेपी रूहिल, ईशाक भट्टी सहित अनेको प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।



# सनग्लो स्कूल में आज से होगा संस्कृत भाषा प्रशिक्षण शिविर

- संस्कृत विश्व की सभी भाषाओं में सबसे सरल व मधुर भाषा मानी जाती है : बिजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

संस्कृत भारती हरियाणा की ओर से संस्कृत भाषा प्रबोधन वर्ग नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल में दो से 10 जनवरी 2026 तक आयोजन किया जाएगा। इसमें हरियाणा के अम्बाला, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, करनाल, पानीपत, कैथल, जींद, हिसार, गुरुग्राम व सिरसा इत्यादि सभी जिलों के विद्यालय, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से छात्र व छात्राएं भाग लेंगें। संस्कृत भारती जींद के प्रचार प्रमुख बिजेन्द्र शास्त्री ने बताया कि वेदों की मूल संस्कृत भाषा भारतीय ज्ञान परम्परा का मुख्य आधार है। संपूर्ण ज्ञान विज्ञान संस्कृत ग्रंथों में ही निबद्ध है। उन्होंने बताया कि संस्कृत भारती द्वारा विदेशों एवं भारत के विभिन्न राज्यों में संस्कृत संभाषण के प्रशिक्षण हेतु आवासीय वर्गों एवं शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिनमें भाग लेने वाले शिक्षार्थी मात्र 10 दिन में ही संस्कृत बोलने व लिखने में समर्थ होने लगते हैं। उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार व उत्तर क्षेत्र प्रशिक्षण प्रमुख संजीव पाठक के मार्गदर्शन में संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जा चुका है। संस्कृत भारती जींद के संरक्षक देवी दयाल आचार्य ने बताया कि इन संस्कृत भाषा प्रबोधन वर्गों की विशेषता यह है कि ये वर्ग शीतकालीन अवकाशों में आयोजित किए जाते हैं।


बिजेंद्र शास्त्री।


जींद। यज्ञ में आहुति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यज्ञ कर सुख, समृद्धि व शांति के लिए की प्रार्थना

**जींद।** देश व प्रदेश की सुख.समृद्धि व शांति के लिए नववर्ष के शुभारंभ पर सामाजिक संस्था महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद द्वारा अर्बन एस्टेट स्थित संस्थान परिसर में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा, शांति, सद्भावना, पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्त हरियाणा के संदेश को मजबूत रूप से प्रसारित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के चेयरमेन राजकुमार भोला द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकुमार गोयल ने कहा कि हवन यज्ञ से जहां वातावरण शुद्ध होता है वहीं मनुष्य के विचारों में सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भूलकर पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण से बचना चाहिए।

## विकास के लिए बजट, आय एवं व्यय के बीच बनाना होगा संतुलन

# बजट के अभाव में कलायत नपा के विकास कार्यों पर संकट

### करीब 1 करोड़ 24 लाख रुपये के बजट की कमी खल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत शहर के लोगों को नगर पालिका के माध्यम से नए विकास कार्यों के लिए नव वर्ष में बजट का इंतजार करना होगा। वर्तमान में जारी कार्यों को पूरा करने के लिए नगर पालिका को बड़े बजट की फिलहाल दरकार है। नगर पालिका वित्तीय अनुमोदन समिति के सदस्यों प्रदीप राणा व अमित वाल्मीकि ने नए टेंडर लगाने के लिए बजट की जरूरत से जुड़े संशय के मद्देनजर इसका ब्यौरा पालिका एकाउंट ब्रांच से प्राप्त किया।

पालिका एकाउंट ब्रांच से मिले विवरण अनुसार प्रदीप राणा व अमित वाल्मीकि ने बताया कि नपा में अनटाइड ग्रांट के तौर पर कुल 3 करोड़ 93 लाख 40 हजार रुपये उपलब्ध है। इसमें नगरपालिका निधि में 1 करोड़ 77 लाख 8 हजार व राज्य वित्तीय आयोग के तहत 2 करोड़ 16 लाख 32 हजार रुपये का बजट शामिल है। जबकि पालिका के माध्यम से अनुमानित 4 करोड़ 47 लाख 51 हजार रुपये की राशि के विभिन्न विकास कार्य जारी हैं। इस मायने से नपा खजाने में 54 लाख 11 हजार रुपये जारी विकास कार्यों की तुलना में कम हैं। इसके अलावा नगर पालिका खजाने पर करीब 70 लाख की राशि अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन व नपा संचालन की व्यवस्था से जुड़े कार्यों का भार है। वित्तीय अनुमोदन समिति सदस्यों के अनुसार इस तरह से फिलहाल नगर पालिका मौजूदा व्यवस्था के संचालन में करीब 1 करोड़ 24 लाख रुपये के बजट से पीछे है। बजट उपलब्ध न होने पर नए विकास कार्यों के टेंडर के लिए पहले बजट की जरूरत रहेगी।



कलायत। कलायत नगर पालिका कार्यालय भवन। फोटो :हरिभूमि

### दीन दयाल उपाध्याय बस्ती योजना से संबंधित टेंडरों पर नपा को करना होगा फोकस

*एक तरफ कलायत शहर के सामान्य वार्डों में जारी विकास कार्यों को पूरा करने के लिए बजट की जरूरत है। दूसरी तरफ अनुसूचित वार्डों में विकास कार्यों को लेकर कलायत नगर पालिका खजाने में दीन दयाल उपाध्याय बस्ती योजना के तहत 2 करोड़ 49 लाख 92 हजार रुपए का बजट उपलब्ध है। इसके माध्यम से 1 करोड़ के बजट से वार्ड एक में गुरु रविदास सामुदायिक भवन, 35 लाख रुपए से डा.भीम राव अंबेडकर पुस्तकालय, महर्षि वाल्मिकी आश्रम परिसर में सभागार निर्माण के लिए 95 लाख व अन्य विकास कार्य संबंधित वार्डों में पूरे किए जाने हैं। जबकि अन्य विकास कार्यों के लिए अनुसूचित वार्डों को भी बजट की बेसब्री से इंतजार रहेगी।*